Bombay and Calcutta and a Central Film Export Advisory Committee at Bombay jointly with Film Industry to devise steps to boost exports.

(viii) The Corporation seeks help from Indian Embassies abroad to open up further avenues for new markets,

(ix) UFDC has prepared marketing tools like subtitled pints, video cassettes and other material for publicity and distribution during film festivals as well as through the London office.

(x) NFDC gives advances/loans to exporters for preparation of print material etc.

(xi) In the case of counties where there are foreign exchange constrains the NFDC is explortin the possibility of accepting payment in local currency.

**डी० आई० जैड० एरिया और आराम बाग के सरकारी मकानों में पानी की सप्लाई की असंतोषजनक व्यवस्था**

2563. **श्री अश्विनी कुमार** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डी० आई० जैड० एरिया और आराम बाग के सरकारी मकानों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था अत्यन्त असंतोषजनक है;

(ख) यदि हां, तो क्या गर्मी के मौसम में आराम बाग के टाइप "सी" के मकानों में पानी उपलब्ध न होने के बारे में सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है और क्या सरकार आराम बाग के टाइप "सी" के सरकारी मकानों में पानी की पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह)** : (क) सर्दी के मौसम में इन इलाकों में जल आपूर्ति पूर्णतः संतोषजनक है । तथापि, गर्मियों में दिल्ली में पानी की आम कमी के कारण आपूर्ति कभी-कभी प्रभावित होती है ।

(ख) जी हां ।

(ग) जल आपूर्ति की स्थिति को सुधारने के लिए, एक भूमिगत टैंक बनाया गया है तथा एक ऊपरी टैंक निर्माणाधीन है ।

**आराम बाग के सरकारी मकानों में पानी का शुल्क**

2564. **श्री अश्विनी कुमार** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आराम बाग की सरकारी कालोनी में पानी के शुल्क की वसूली समान दर पर की जाती है ; और

(ख) यदि हां, तो उस क्षेत्र में अलग-अलग टाइप के क्वार्टरों के लिये पानी की दरों का ब्यौरा क्या है ?

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह)** : (क) जी हां ।

(ख) टाइप-वार दरें इस प्रकार हैं :-

| | |
|---|---|
| टाइप - I | 17.00 रुपये प्रति माह |
| टाइप- II | 21.00 रुपये प्रति माह |
| टाइप- III | 25.00 रुपये प्रति माह |

**Complaints registered in the complaints register of DDA in Gulabi Bagh**

2565. SHRI KAPIL VERMA: Will th© Minister of URBAN DEVELOPMENT be pieased to state:

(a) what Is the total number of complaints registered in the compiaints register maintained by the DDA in Gulabi